दैनिक जागरण 18/03/2026

कविता पाठ में जीएमएन कालेज को मिली ओवरआल ट्राफी

अंबाला (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कालेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल ट्रॉफी अपने नाम की। विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। अश्वनीत ने उर्दू कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पारस भोला ने हिंदी कविता पाठ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रो. राजेश्वर प्रसाद 'शोख' द्वारा लिखित कविता के लिए विशेष पुरस्कार में भी अश्वनीत ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त जसमीत कौर ने पंजाबी कविता पाठ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कालेज को ओवरआल ट्रॉफी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी प्रतिभा, मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव विद्यार्थियों को साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता रहा है, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

विजेता जीएमएन कालेज की टीम प्राचार्य डा. रोहित दत्त के साथ। • विज्ञप्ति

इसी तरह कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना तथा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कंपनी कमांडर संजीव सैनी ने छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इसी तरह कालेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विषय सोसाइटी के अंतर्गत "मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों का शिक्षण" विषय पर एक रोचक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कहानी सुनाने तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण नैतिक मूल्यों से परिचित कराना रहा।